# यूपीलीडा का यूपीसीडा में विलय

## अपर मुख्य सचिव औद्योगिक विकास ने जारी की अधिसूचना

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने लखनऊ औद्योगिक विकास प्राधिकरण (लीडा) को यूपी राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) में विलय संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अपर मुख्य सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास अरविंद कुमार ने विलय संबंधी अधिसूचना जारी कर दी है।

लीडा में 45 गांव लखनऊ व 34 गांव उन्नाव जिले के आते हैं। अलग प्राधिकरण होने के बावजूद औद्योगिक विकास के ठोस उपाय यहां नहीं हो पा रहे थे। प्राधिकरण में नियमित अधिकारियों तक की तैनाती नहीं हो पा रही थी। इसे देखते हुए शासन ने लीडा क्षेत्र में औद्योगिक विकास कार्यों को यूपीसीडा के निर्देशन में आगे बढ़ाने के लिए विलय संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इससे लीडा की समस्त परिसंपत्तियां (आस्तियां व दायित्व) व कर्मी यूपीसीडा के अधिकार में आ गए हैं।

### लीडा में हैं लखनऊ के ये 45 गांव

मीरानपुर पिनवट, औरावां, बंथरा सिकंदरपुर, खांडेदेव, सराय शहजादी, बनी, पिपरसंड, रामचौरा, अंदापुर देव, गढ़ी चुनौटी, बेती, भौकापुर, दादूपुर, खसरवारा, रहीमनगर पडियाना, हुलासखेड़ा, बहदनामऊ, भटगांव पांडे, मिर्जापुर लुट्टौवा, सैदपुर पुरही, धावापुर, चंद्रावल, रसूलपुर इदुरिया, परवर पूरब, परवर पश्चिम, जैतीखेड़ा, बिजनौर, शाहपुर मझिगवां, पहाड़पुर, जहानाबाद, कुरौनी, नटकुर, किशुनपुर कौड़िया, लोनहा, भटगांव, लतीफनगर, हरौनी, सरैया, नूरनगर भदरसा, बीबीपुर, नीवां, मखदूमपुर कैती, खटोला, बाबूखेड़ा, रतौनी।

### उन्नाव के 34 गांव

मखदूमपुर, आशाखेड़ा, कुशहरी, अजगैन, बरुवा, मलाव, बजेहरा, ख्वाजगीपुर, अमरेथा, पछियांव, परसंदन, जगदीशपुर, सोहरामऊ, लालपुर, मिर्जापुर, कुसुंभी, चमरौली, विचपरी, रसूलपुर, महरौना, सराय कटियान, मुर्तजा नगर, गजौली, झझरी, वाजिदपुर, हुसैननगर, उन्नाव, गदनखेड़ा, सिगरोसी, शेषपुरनरी, बंथर, कडेरपतारी, करमी विमालादेव व पटरीपीरू खेड़ा।